



## क्षितिज – (भाग-१)

## गद्य – खंड

1. **दो बैलों की कथा**

## काव्य - खंड

- **साखियाँ और सबद**

## कृतिका – (भाग-1)

- **इस जल प्रलय में**

नोट:- सभी छात्र व छात्राओं को यह निर्देश दिया जाता है कि हिंदी विषय में अब तक पढ़ाए गए सभी पाठ के (क्षितिज भाग - १ और कृतिका) शब्दार्थ और प्रश्न - उत्तर को अपनी उत्तर पुस्तिका में साफ और शुद्ध रूप में लिखना है तथा लिखाए गए सभी शब्दार्थ और प्रश्न - उत्तर को ध्यानपूर्वक पढ़कर कंठस्थ करना है । इसके साथ साथ व्यावहारिक व्याकरण तथा रचनात्मक लेखन के अंतर्गत पढ़ाए गए सभी बिंदुओं को अपनी उत्तर पुस्तिका में पूर्ण रूप से लिखना है।

## परियोजना कार्य ( Project assignment )

**☞नीचे दी गई निम्नलिखित गतिविधियों को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उसे अपनी उत्तरपुस्तिका में लिखिए।**

**(1).किसान के जीवन पर 100 शब्दों** में एक अनुच्छेद लिखिए |

**(2).** अपने क्षेत्र में होने वाली **फसलों की जानकारी एकत्रित** करके लिखिए |

**(3**). **कबीर दास** जी के कौन से पद आपको अच्छे लगे हैं और क्यों उनको लिखिए।


**(4).** किसी **समाज सुधारक** पर एक **लेख** लिखिए |


**(5).**किसी एक **स्वतंत्रता सेनानी** का सचित्र वर्णन कीजिए |

**(6).अपने बड़े भाई की शादी में शामिल होने के लिए** तीन दिन की छुट्टी हेतु प्राचार्य को एक पत्र लिखिए |

**(7).**अपनी पाठयपुस्तक से उपसर्ग एवं प्रत्यय वाले **10–10** शब्द खोजकर लिखिए |

**(8.) प्रेमचंद** द्वारा रचित कहानियों का संग्रह **मानसरोवर भाग-1** को पढ़ें और अपनी पसंदीदा कहानी कक्षा में सुनाएं।






**वसंत - १ (पाठ्यपुस्तक)**

1. **वह चिड़िया जो**
2. **बचपन**
3. **नादान दोस्त**

**बाल रामकथा (पूरक पाठ्यपुस्तक)**

1. **अवधपुरी में राम**
2. **जंगल और जनकपुर**

नोट:- सभी छात्र व छात्राओं को यह निर्देश दिया जाता है कि हिंदी विषय में अब तक पढ़ाए गए सभी पाठ के (वसंत भाग - १ और बाल रामकथा) शब्दार्थ और प्रश्न - उत्तर को अपनी उत्तर पुस्तिका में साफ और शुद्ध रूप में लिखना है तथा लिखाए गए सभी शब्दार्थ और प्रश्न - उत्तर को ध्यानपूर्वक पढ़कर कंठस्थ करना है ।

## परियोजना कार्य ( Project assignment )

👉 **नीचे दी गई निम्नलिखित गतिविधियों को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा अपनी उत्तरपुस्तिका में लिखिए।**

१. **वह चिड़िया जो** :- चिड़िया का चित्र बनाकर उसके लिए उचित विश्लेषण शब्दों का प्रयोग कीजिए।



**अथवा**

"**यदि मैं पक्षी होता**" विषय पर 10 वाक्य लिखिए।

२. **बचपन**:- "**बचपन**" पाठ में आए अंग्रेजी शब्दों को ढूंढ कर लिखिए ।

**अथवा**

निम्नलिखित शब्दों की सहायता से एक कविता लिखिए -

| |
|---|
| **बचपन, खिलौने, मां, चांद-तारे, परियां, प्यार, घर खेल, दोस्त, कपड़े ।** |

३. अपने **बचपन की कोई मनमोहक घटना** को विस्तार से लिखिए|


४. **नादान दोस्त** :- व्यर्थ वस्तुओं का इस्तेमाल करते हुए चिड़िया का घोंसला तैयार कीजिए घोंसला बनाने की विधि भी लिखिए।

५. **केशव** और **श्यामा** की तरह आपको किसके बारे में जानने की इच्छा है और क्यों ?


६. **बाल रामकथा (1)** बाल रामकथा के आधार पर राम–लक्ष्मण की विशेषताएं लिखिए|

७. **पत्रलेखन(1)** अपनी बड़ी बहन को गर्मी की छुट्टियां बिताते हुए पत्र लिखिए |

८. गांधीजी की **आत्मकथा 'सत्य के साथ मेरे प्रयोग'** अथवा **'पंचतंत्र'** को पढ़ें तथा आपने इस कहानी से क्या सीखा ? कक्षा में सुनाएं ।


सत्य के साथ
मेरे प्रयोग

*********




## क्षितिज – (भाग-२)

### गद्य – खंड

पाठ (१०) नेताजी का चश्मा (स्वयं प्रकाश)

पाठ (११) बालगोबिन भगत (रामवृक्ष बेनीपुरी)

### काव्य - खंड

पाठ (१) सूरदास के पद (सूरदास)

## व्याकरण और रचनात्मक लेखन

1.अर्थ के आधार पर वाक्य के भेद

नोट:- सभी छात्र व छात्राओं को यह निर्देश दिया जाता है कि हिंदी विषय में अब तक पढ़ाए गए सभी पाठ के (क्षितिज भाग - २) शब्दार्थ और प्रश्न - उत्तर को अपनी उत्तर पुस्तिका में साफ और शुद्ध रूप में लिखना है तथा लिखाए गए सभी शब्दार्थ और प्रश्न- उत्तर को ध्यानपूर्वक पढ़कर कंठस्थ करना है । इसके साथ साथ व्यावहारिक व्याकरण तथा रचनात्मक लेखन के अंतर्गत पढ़ाए गए सभी बिंदुओं को अपनी उत्तर पुस्तिका में पूर्ण रूप से लिखना है।

## परियोजना कार्य ( Project assignment )

👉**नीचे दी गई निम्नलिखित गतिविधियों को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उसे अपनी उत्तरपुस्तिका में लिखिए।**

(1.) सूरदास के पदों की सबसे बड़ी विशेषता है गोपियों की 'वाग्विदग्धता'। आपने ऐसे और चरित्रें के बारे में पढ़ा

या सुना होगा जिन्होंने अपने वाव्फ़चातुर्य के आधार पर अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई_
जैसे:-बीरबल, तेनालीराम, गोपालभाँड, मुल्ला नसीरुद्दीन आदि। अपने किसी मनपसंद चरित्र के कुछ किस्से संकलित कर एक अलबम तैयार करें।

(2.) आपके विद्यालय में शारीरिक रूप से चुनौतीपूर्ण विद्यार्थी हैं। उनके लिए विद्यालय परिसर और कक्षा-कक्ष में किस तरह के प्रावधान किए जाएँ, प्रशासन को इस संदर्भ में पत्र द्वारा सुझाव दीजिए।

**अथवा**

नेताजी सुभाषचंद्र बोस के व्यक्तित्व और कृतित्व पर एक प्रोजेक्ट बनाइए।

**(3.)** **बालगोबिन भगत** पाठ में ऋतुओं के बहुत ही सुंदर शब्द-चित्र उकेरे गए हैं। बदलते हुए मौसम को दर्शाते हुए **चित्र/फ़ोटो** का संग्रह कर एक अलबम तैयार कीजिए।


**(4.)** पाठ में आषाढ़, भादो, माघ आदि में विक्रम संवत कलेंडर के मासों के नाम आए हैं। यह कलैंडर किस माह से आरंभ होता है? महीनों की सूची तैयार कीजिए।

**(5.)** किसी एक स्वतंत्रता सेनानी का सचित्र वर्णन कीजिए |.

**(6.)** सूरदास जी की प्रमुख रचनाओं के बारे में संक्षेप में लिखिए |

**(7.)** आप से किसी महापुरुष की मूर्ति लगाने के लिए कहा जाए तो आप किसकी मूर्ति लगाएंगे, और क्यों ?

**(8.)** **प्रेमचंद** द्वारा रचित कहानियों का संग्रह **मानसरोवर भाग-1** को पढ़ें और अपनी पसंदीदा कहानी कक्षा में सुनाएं।



9-संज्ञा ,सर्वनाम, विशेषण, क्रिया, क्रिया विशेषण, अव्वय की परिभाषा उदाहरण एवं प्रकार और उदाहरण अपनी कॉपी में लिखें व याद करें

## कक्षा - 8
## विषय - हिंदी
## (ग्रीष्मकालीन अवकाश के लिए गृहकार्य)
## (केंद्रीय विद्यालय क्रमांक -1 , सागर )



### वसंत - ३ (पाठ्यपुस्तक)

1. **ध्वनि**
2. **लाख की चूड़ियां**

### पूरक पाठ्यपुस्तक : भारत की खोज

1. **अहमदनगर का किला**

नोटः- सभी छात्र व छात्राओं को यह निर्देश दिया जाता है कि हिंदी विषय में अब तक पढ़ाए गए सभी पाठ के (वसंत भाग - ३ और भारत की खोज) शब्दार्थ और प्रश्न - उत्तर को अपनी उत्तर पुस्तिका में साफ और शुद्ध रूप में लिखना है तथा लिखाए गए सभी शब्दार्थ और प्रश्न - उत्तर को ध्यानपूर्वक पढ़कर कंठस्थ करना है ।

### परियोजना कार्य ( Project assignment )

👉 **नीचे दी गई निम्नलिखित गतिविधियों को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उसे अपनी उत्तरपुस्तिका में लिखिए।**

(१). सभी छात्र और छात्राओं को आधा चार्ट पेपर **(Half Chart Paper)** पर आपकी पाठ्यपुस्तक (बसंत– ३) से पहली कविता 'ध्वनि' के अंतर्गत बसंत ऋतु में कौन-कौन से त्योहार आते हैं, उनकी सूची बनाइए। आप उन पर्वो को किस प्रकार मनाते हैं इसका वर्णन कीजिए ।

(२). पाठ्यपुस्तक (वसंत – ३) से **(पाठ -२) 'लाख की चूड़ियाँ'** के अंतर्गत ग्रामीण व शहरी वातावरण में क्या अंतर है । दोनों में से कौन - सा वातावरण आपके मन को भाता है व क्यों ? अपना विचार चार्ट पेपर पर अनुच्छेद के रूप में लिखिए।

(3) आपके **मनपसंद कविता** की कोई चार पंक्तियां लिखिए |


(4) आपको **छुट्टियों** में **किसके घर** जाना अच्छा लगता है और क्यों ?

(5) आज भी बाजार में **हाथ से बनी हुई चीजें** मिलती है उनकी सूची बनाइए|

(6) अपने मित्र को जन्मदिन की **शुभकामना** देते हुए एक **पत्र** लिखिए|

(7) भारत की खोज पुस्तक के लेखक **पंडित जवाहरलाल नेहरू** के जीवन पर **सचित्र लेख** लिखिए |

(8) **ए.पी.जे. अब्दुल कलाम** के संपूर्ण जीवन पर आधारित उनके व्यक्तित्व एवं संघर्ष की कहानी **अरुण कुमार तिवारी** द्वारा लिखी गई **'अग्नि की उड़ान'** कहानी को पढ़ें तथा आपने इस कहानी से आपने क्या सीखा, कक्षा में सुनाएं।




********

कक्षा – 7 विषय - हिंदी

**(ग्रीष्मकालीन अवकाश के लिए गृहकार्य)**

**(केंद्रीय विद्यालय क्रमांक -1 , सागर )**



## वसंत - २ (पाठ्यपुस्तक)

1. हम पंछी उन्मुक्त गगन के
2. दादी मां
3. हिमालय की बेटियाँ

## बाल महाभारत (पूरक पाठ्यपुस्तक)

- **महाभारत कथा**

1. देवव्रत
2. भीष्म - प्रतिज्ञा
3. अंबा और भीष्म

नोट:- सभी छात्र व छात्राओं को यह निर्देश दिया जाता है कि हिंदी विषय में अब तक पढ़ाए गए सभी पाठ के (वसंत भाग - २ और बाल महाभारत) शब्दार्थ और प्रश्न - उत्तर को अपनी उत्तर पुस्तिका में साफ

और शुद्ध रूप में लिखना है तथा लिखाए गए सभी शब्दार्थ और प्रश्न - उत्तर को ध्यानपूर्वक पढ़कर कंठस्थ करना है ।

## परियोजना कार्य ( Project assignment )

👉 **नीचे दी गई निम्नलिखित गतिविधियों को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उसे अपनी उत्तरपुस्तिका में लिखिए।**

(१.) **हम पंछी उन्मुक्त गगन के** :- निम्न पक्षियों से संबंधित जानकारी एकत्र करके उसे सूचीबद्ध करें-

| पक्षी | शरीर का रंग | बोली |
|---|---|---|
| कौआ | • | • |
| मोर | • | • |
| कबूतर | • | • |
| तोता | • | • |

**(२).दादी मां** :- संवत के 12 महीनों के नाम हिंदी में दिए गए हैं उनके सामने अंग्रेजी महीनों के नाम लिखें-


| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| चैत्र | | | आश्विन | |
| बैशाख | | | कार्तिक | |
| ज्येष्ठ | | | मार्गशीर्ष | |
| आषाढ़ | | | पौष | |
| श्रावण | | | माघ | |
| भाद्रपद | | | फाल्गुन | |

**(३).** सावन,कार्तिक,फाल्गुन में कौन-कौन से त्योहार आते हैं किसी एक पर **अनुच्छेद** लिखिए ।

**(४).हिमालय की बेटियां**:- नदियों के परोपकारी स्वभाव व हिमालय की विशिष्टता पर स्वरचित 4 स्लोगन लिखकर आकर्षक प्रस्तुति करें ।

| | |
|---|---|
| . | . |
| . | . |

**(५)**.जीवनदायिनी नदियों की स्वच्छता बनाए रखने हेतु सुझाव लिखें ।




**(६).** शहरीकरण से पर्यावरण किस प्रकार प्रभावित होता है 10 पंक्तियां लिखिए।

**(७).** आपके आसपास पर्यटक स्थलों की जानकारी एकत्रित करके लिखिए।

**(८).**आपके आसपास में गंदगी होने पर सफाई के लिए **नगरपालिका अध्यक्ष को एक प्रार्थना पत्र** लिखिए।

**(९).** बाल महाभारत की कथा के आधार पर भीष्म की विशेषताएं लिखिए |

**(१०). ए.पी.जे. अब्दुल कलाम** के संपूर्ण जीवन पर आधारित उनके व्यक्तित्व एवं संघर्ष की कहानी **अरुण कुमार तिवारी** द्वारा लिखी गई **'अग्नि की उड़ान'** कहानी को पढ़ें तथा आपने इस कहानी से आपने क्या सीखा, कक्षा में सुनाएं।


WINGS OF FIRE का हिंदी अनुवाद
अग्नि की उड़ान
डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम
अरुण कुमार तिवारी

*********